# दिनांक 29.01.2022 को क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, पटना की अध्यक्षता में आहूत बैठक की कार्यवाही :

उपस्थिति :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. डॉ० गोपाल सिह, भा०व०से०, | क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, पटना। | अध्यक्ष |
| 2. डॉ० गोपाल सिह, भा०व०से०, | वन संरक्षक, पटना अंचल, पटना। | सदस्य |
| 3. श्री मिहिर कुमार झा, भा०व०से० | वन संरक्षक–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, भोजपुर वन प्रमंडल, आरा | सदस्य |
| 4. श्रीमती रूचि सिंह, भा०व०से० | वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना वन प्रमंडल, पटना | आमंत्रित सदस्य |
| 5. श्री शशिकांत कुमार, भा०व०से० | वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना पार्क प्रमंडल, पटना। | आमंत्रित सदस्य |

कार्यवाही :

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार के संकल्प संख्या 974 (ई०) दिनांक 26.07.2019 तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), बिहार, पटना के कार्यालय आदेश संख्या 03 दिनांक 01.10.2019 द्वारा गठित समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, भोजपुर वन प्रमंडल, आरा अन्तर्गत विभिन्न विकास परियोजनाओं के वनभूमि/अवरिथत वैसे वृक्षों, जिनका पुनर्स्थापन/पातन अनिवार्य/अपरिहार्य हो गया है, उनके पुनर्स्थापन/पातन पर विचार हेतु निम्न परियोजनाओं के लिए वृक्ष सुरक्षा योजना (Tree Protection plan) प्ररताव प्रस्तुत किये गयेः–

1. **बक्सर एवं रोहतास जिलान्तर्गत (बक्सर जिला की सीमा तक) बिक्रमगंज–डुमरांव (201.665–247.665 कि०मी०) पथांश के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम के तहत 41.01 हे० वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव।**

भोजपुर वन प्रमंडल, आरा क्षेत्रान्तर्गत बक्सर एवं रोहतास जिलान्तर्गत (बक्सर जिला की सीमा तक) बिक्रमगंज–डुमरांव (201.665–247.665 कि०मी०) पथांश के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम के तहत 41.01 हे० वन भूमि अपयोजन के प्रस्ताव में प्रभावित होने वाले वृक्षों का कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, गया द्वारा पुनर्स्थापन/पातन हेतु Tree Protection Plan प्रस्तवित किया गया है। वन प्रमंडल पदाधिकारी, भोजपुर द्वारा स्थलीय निरीक्षणोपरांत प्रस्ताव ज्ञापांक 187 दिनांक 27.01.2022 द्वारा समिति के विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। पुनर्स्थापन/पातन हेतु प्रस्तावित वृक्षों/पौधों की संख्या का सारांश निम्नवत् हैः–

| क्र० सं० | वन प्रमण्डल का नाम | प्रयोक्ता एजेंसी का नाम | कार्य विवरणी | कुल वृक्षों की संख्या | वृक्षों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | पुनर्स्थापन | यथा स्थिति | पातन | अभ्युक्ति |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | भोजपुर वन प्रमंडल, आरा | कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, गया | बिकमगंज–डुमरांव (201.665–247.665 कि०मी०) पथांश के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य | 735 | 522 | 3 | 210 | TPP प्रस्ताव की विवरणी सलग्न। |

समिति के अनुशंसा–

निर्णयः

वन प्रमण्डल पदाधिकारी, भोजपुर वन प्रमंडल, आरा द्वारा समर्पित प्रस्ताव पर समिति ने विचार–विमर्श किया। विमर्शोपरान्त सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि–



421
8-2-2022

1. प्रस्तावित स्थल पर परियोजना निर्माण कार्य में बाधक बने कुल 735 वृक्ष में से 03 वृक्षों को यथास्थिति रखते हुए 522 वृक्षों का पुनर्स्थापन तथा 210 वृक्षों के पातन के प्रस्ताव को समिति स्वीकार करती है।
2. वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा पौधों के पुनर्स्थापन तथा पातन का कार्य का आदेश सरकार के संकल्प संख्या 43 (ई)/प0व, पटना, दिनांक 28.01.2013 तथा संकल्प संख्या– 178 (ई) प0व0, पटना दिनांक 29.03.2016 तथा संकल्प संख्या 974 (ई०) दिनांक 26.07.2019 के आलोक में निर्गत किया जायेगा।
3. प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा स्वयं के व्यय पर पातित वृक्षों के काष्ठ एवं जलावन के टुकड़ों को परिवहन अनुज्ञा पत्र के माध्यम से वन प्रमंडल पदाधिकारी, भोजपर द्वारा निर्धारित वनागार में पहुँचाने का कार्य किया जायेगा।
4. पुनर्स्थापित वृक्षों का उत्तरजीवितता प्रतिवेदन मासिक तौर पर प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा वन प्रमंडल पदाधिकारी, भोजपुर वन प्रमंडल, आरा के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया जायेगा।
5. पातन/पुनर्स्थापन का कार्य योजना पर भारत सरकार की वन भूमि अपयोजन की अनुमति के पश्चात निर्धारित शर्त्तों के अनुरूप किया जायेगा।

बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

| Ruchi Singh 29.1.22 | 29/1/22 | 29.01.22 | 29.1.22 | 29.1.22 |
|---|---|---|---|---|
| वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना वन प्रमंडल, पटना | वन प्रमण्डल पदाधिकारी, पटना पार्क प्रमंडल, पटना | वन संरक्षक–सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, भोजपुर वन प्रमंडल, आरा | वन संरक्षक, पटना अंचल, पटना। | क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक पटना। |

**बिहार सरकार**

**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**

# कार्यालय–क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, पटना।

ज्ञापांकः– 86 पटना, दिनांक– 31/01/2022 ई०।

प्रतिलिपिः– वन संरक्षक, पटना अंचल, पटना/वन संरक्षक–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, भोजपुर वन प्रमंडल, आरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Email 31/01/2022

31.01.2022
(मिथिलेश कुमार चौधरी)
उप वन संरक्षक

e-mail 10/2/22

**कार्यालय, वन संरक्षक, पटना अंचल, पटना।**
अरण्य भवन, द्वितीय तल, शहीद पीर अली खाँ मार्ग (राईडिंग रोड) पटना– 800014

ज्ञापांकः– 246 दिनांकः– 10/02/2022

प्रतिलिपिः– वन प्रमंडल पदाधिकारी, भोजपुर वन प्रमंडल, आरा को उनके पत्रांक–187 दिनांक–27.01.2022 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9/2/22
वन संरक्षक,
पटना अंचल, पटना।